आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 17.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय प्रवास पर आज शाम पहुंच रहे हैं रायपुर—राजधानी रायपुर और बस्तर में अनेक कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

2— सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने आज धमतरी में करीब चार सौ पैंसठ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

3— प्रदेश के जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कल से पच्चीस मई तक ”जन भागीदारी—सबसे दूर, सबसे पहले“ अभियान चलाया जाएगा।

और

4— प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और गरज—चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना।

...............

**<u>केन्द्रीय गृहमंत्री—छत्तीसगढ़ दौरा</u>**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान कल सुबह रायपुर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड से आपातकालीन सेवा डायल — एक सौ बारह के तहत नये आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री बस्तर जिले के नेतानार जाएंगे, जहां वे

''जन सुविधा केन्द्र'' का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद श्री शाह जगदलपुर की अमर वाटिका में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री कल ही जगदलपुर के बादल अकादमी में एक संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे शहीदों के परिजनों, नक्सल मोर्चे पर तैनात सीएपीएफ और राज्य के विशेष सुरक्षा बलों, पुलिस अधिकारियों, नक्सल पीड़ितों तथा स्थानीय समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शाम छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंच रहे हैं। वे उन्नीस मई को जगदलपुर में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## सुशासन तिहार

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी में आयोजित समाधान शिविर में करीब चार सौ पैंसठ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री साय ने कुरूद के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन के लिए डेढ़ करोड़ रूपये और पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के भवन के लिए भी राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के तहत रायगढ़ प्रवास के दौरान क्षेत्रीय न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। इस प्रयोगशाला के शुरू होने से रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिलों की पुलिस जांच व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

वहीं, श्री साय ने रायगढ़ में 'सिंदूर पार्क' का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रायगढ़ के विकास के लिए लगातार नए कार्य किए जा रहे हैं और सिंदूर पार्क उसी सोच का परिणाम है।

अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने कल कुसमुरा गांव में करीब एक सौ तीन करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

## रायगढ़–सौ बिस्तर अस्पताल

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड के गंवरघुटरी गांव में सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल बनाया जाएगा। इस अस्पताल का निर्माण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अस्पताल के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को दो हेक्टेयर भूमि तीस वर्ष के लिए अस्थायी लीज पर दी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान फाउंडेशन को भूमि आवंटन आदेश की प्रति सौंपी।

## जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले"–अभियान

प्रदेश के जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कल अट्ठारह मई से "जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान शुरू होगा। पच्चीस मई तक चलने वाला यह अभियान प्रदेश के आठ हज़ार से अधिक गांवों में संचालित होगा। आदिम जाति विकास विभाग के इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े गांवों को शामिल किया गया है। रायपुर जिले को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पोषण और पेयजल योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। अधिकारी गांवों में जन सुनवाई करेंगे और आदि सेवा केन्द्रों में शिकायतों का निराकरण होगा। इस दौरान सिकल सेल और टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे।

## जनगणना

छत्तीसगढ़ में जनगणना – दो हजार सत्ताईस के तहत अब तक साठ प्रतिशत से अधिक मकानों की गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस अभियान में डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से अब तक अड़तालीस हजार सात सौ से अधिक ब्लॉक में से उनतीस हजार छह सौ से अधिक ब्लॉक में गणना का कार्य पूरा हो चुका है। गणना कार्य के मामले में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिला सबसे आगे है, जहां सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। जनगणना के मामले में राज्य में ग्रामीण और दूरस्थ जिलों में काम की रफ्तार संतोषजनक है। लेकिन, बड़े शहरों और नगर निगम क्षेत्रों में जनगणना कार्य की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी दर्ज की गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक मई से मकानों की गणना का कार्य शुरू हुआ है, जो तीस मई तक चलेगा।

## राज्यपाल–भोरमेदव

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान आज ढोलबज्जा गांव में बैगा विद्यार्थियों और बिहान योजना से जुड़ी बैगा महिलाओं से मुलाकात की। इस मौके पर राज्यपाल ने पीएम जन–मन आवास योजना के तहत बैगा परिवार को आवास की चाबी सौंपी।

राज्यपाल ने भोरमदेव मंदिर का भी दौरा किया और भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

वहीं, राज्यपाल ने बेमेतरा जिले का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

## भिलाई–आवासीय कार्यशाला

भिलाई स्थित नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम–एनएसपीसीएल ने बालिका सशक्तिकरण मिशन के तहत एक आवासीय कार्यशाला शुरू की है। इसका शुभारंभ एनएसपीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक और व्यापार प्रमुख नील कुमार शर्मा ने किया। इस कार्यशाला में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दस से तेरह वर्ष आयु वर्ग की अस्सी बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। श्री शर्मा ने बताया कि करीब एक महीने तक चलने वाले इस आवासीय प्रशिक्षण में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

एनटीपीसी लिमिटेड की लारा और सीपत परियोजना में भी 'बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया गया है।

## आवासीय खेल अकादमी

बस्तर के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जगदलपुर में जल्द ही बस्तर की पहली आवासीय खेल अकादमी शुरू की जाएगी। खेल और युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम ने कल जगदलपुर पहुंचकर अकादमी की तैयारियों का जायजा लिया। इस अकादमी में बालकों को एथलेटिक्स, फुटबॉल और तीरंदाजी का प्रषिक्षण दिया जाएगा। प्रवेष के लिए जल्द ही चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसमें तेरह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

**वॉकथन**

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी जगदलपुर द्वारा वॉकथन का आयोजन किया गया। वॉकथन दंतेश्वरी मंदिर से शुरु होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए आकाशवाणी केंद्र परिसर पहुंच कर संपन्न हुआ। इस आयोजन में आकाशवाणी के अधिकारी, कर्मचारी, उद्घोषक, कॉम्पियर, कर्मचारियों के परिवारजन तथा आम नागरिकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर आकाषवाणी जगदलपुर की कार्यक्रम प्रमुख चन्द्र ऋषि ठाकुर ने कहा कि वॉकथॉन के माध्यम से आकाषवाणी ने स्वास्थ्य, अनुषासन और सामाजिक सहभागिता का संदेष देने का प्रयास किया है।

**सीबीएसई–भाषा**

केंद्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने इस वर्ष एक जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में तीसरी भाषा–आर–थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी और आर–थ्री के लिए सारा मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय आधारित और आंतरिक होगा।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और चक्रवात के कारण आंधी–तूफान और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

इस बीच, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के राजमेरगढ़ गांव में आकाशीय बिजली गिरने से ग्यारह मवेशियों की मौत हो गई।

**संक्षिप्त समाचार**

– भाजपा के वरिष्ठ नेता और मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा का निधन हो गया है। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने शोक व्यक्त किया है।

– आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। इस वर्ष का विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें, नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं"।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा में जिला कांग्रेस कमेटी ने पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमत के विरोध में धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में कमी करने और रसोई गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

– दुर्ग जिले के भिलाई नगर में आज तेज रफ्तार कार ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम द्वारा बीस मई को सुबह साढ़े दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

और

– जांजगीर–चांपा जिले के कनस्दा और केवा गांव में खनिज विभाग की टीम ने रेत का अवैध उत्खनन करते चार वाहनों को जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>